तापमान
अधिकतम 41.8 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 17 अप्रैल 2025



12 नप के उपाध्यक्ष बने भाजपा के सदस्य ललता प्रसाद





12 शिक्षकों ने ऑनलाइन डायरी का किया विरोध




## खबर संक्षेप

### महिला को नशा देकर बनाई अश्लील वीडियो

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 32 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सुरज नामक युवक के साथ जान पहचान थी। एक दिसंबर 2024 को आरोपी उसे छछरौली में मिला। आरोपी ने पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया। जिसे पीते ही वह बेहोश हो गई। इस दौरान आरोपी ने चुपके से उसकी अश्लील वीडियो बना ली। आरोपी ने उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

### गवर्नमेंट कॉलेज को अब संस्कृति मॉडल का दर्जा

**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज को सरकार ने संस्कृति मॉडल कॉलेज का दर्जा दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस साल के बजट सत्र में घोषणा की थी कि प्रदेश के हर जिले से एक सरकारी कॉलेज को संस्कृति मॉडल कॉलेज का दर्जा दिया जाएगा। इसके तहत विशेष बजट व छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं व रिसर्च का प्रावधान होगा। कॉलेज को मिले इस विशेष दर्जे पर प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह व उच्चतर शिक्षा विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद किया।

### बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास में आरोपी काबू

**पानीपत।** कॉलोनी में बारह वर्ष की बुखार से पीड़ित बच्ची के साथ घर में घुसकर रेप का प्रयास किया गया। अज्ञात आरोपी ने अपने और नाबालिग के कपड़े भी उतार दिए। इसके बाद वह बच्ची के निजी अंगों से छेड़छाड़ करने लगा। यह सब देखकर छह साल की बहन ने पड़ोसियों को बताया। पड़ोसियों ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। आरोपी का नाम कृष्ण बताया जा रहा है।

### नशीले इंजेक्शन के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने सनौली के यमुना पुल पर नाकाबंदी कर बाइक सवार रोहित पुत्र नाथी राम निवासी उंचा गांव जिला शामली, उत्तर प्रदेश को नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया। अरोपी के कब्जे से 18 बुप्रेनॉफिन लिजेसिक नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद हुए। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कुछ दिन पहले वह शामली के झिंझाना में एक युवक से 25 नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन 300 रूपए प्रति इंजेक्शन के हिसाब से खरीदकर लाया था।

### मादक पदार्थ के साथ दंपति को किया काबू

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने गांव रामडा बंधा के सामने सनौली रोड पर नाकाबंदी कर बाइक सवार दंपती राशिद पुत्र इकबाल व इसकी पत्नी नौशिदा मूल निवासी कपूरी सहारनपुर हाल किरायेदार कैराना, जिला शामली, उत्तर प्रदेश को 18.97 ग्राम हेरोइन के साथ पकडा है। आरोपी ने पुलिस को बताया वह यूपी में अलग अलग स्थान पर दो युवकों से करीब 15 दिन पहले 30 ग्राम हेरोइन कम कीमत पर खरीदकर घर लाया था। जिसमें से कुछ हेरोइन उसने व पत्नी नौशिदा ने राह चलते नशा करने वालों को बेच दी। आरोपी दंपती बची हेरोइन को लेकर बाइक पर पानीपत में बेचने के लिए आ रहा था।

### नगदी व जेवर लेकर युवती लापता हुई

**समालखा।** समालखा कस्बे में एक लड़की को उसके प्रेमी ने बालिग होने के चार दिन बाद ही अगवा कर लिया। लड़की अपने घर से एक लाख रुपए नकद, जेवरात, दस्तावेज और कपड़े भी ले गई। इधर, लडकी के पिता ने थाना समालखा पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि गौरव कुमार झा निवासी भापरा अपराध करने की नीयत से उनकी लडकी को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया।

---

प्राइवेट पब्लिशर्स की बुक लगवाकर कर रहे मोटी कमाई


# प्राइवेट स्कूल में नौनिहालों को दी जा रही भ्रामक जानकारी, प्रशासन अनजान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

भले ही भारत दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है लेकिन हैरानी की बात है कि कई प्राइवेट स्कूलों में अभी भी बच्चों को पुरानी और गलत जानकारी पढ़ाई जा रही हैं। अगर कोई भी इस सवाल का जवाब गूगल या अन्य किसी सर्च इंजन पर तलाश करेगा तो पता चल जाएगा कि देश जनसंख्या के मामले में दुनिया भर में पहले नंबर पर आ चुका है लेकिन कई निजी स्कूल प्राइवेट पब्लिशर्स की बुक लगवाकर मोटी कमाई करने की दौड़ में इतने अंधे हो चुके हैं कि बच्चों को गलत जानकारी दी जा रही है। उनसे उन्हें कोई सरोकार नहीं है। मामला गांव उगाला में स्थित लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल का है। जानकारी के अनुसार स्कूल की ओर से इस बार कक्षा चौथी के विद्यार्थियों के लिए नई पुस्तकें लगवाई गई हैं।

### किताबों में अब भी चीन आबादी में चल रहा पहले स्थान पर

इन पुस्तकों में एसएस विषय की पुस्तक माई वंडरफुल बुक ऑफ एसएस में यह गलत व भ्रामक जानकारी प्रकाशित की गई है। इस पुस्तक में दिए गए पहले चैप्टर के पेज नंबर 10 पर ये बताया गया है कि जनसंख्या के मामले में भारत दूसरे स्थान पर है। जबकि चीन पहले स्थान पर है। जबकि यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश के रूप में अपनी पहचान बना ली है। जबकि इस सवाल की सही जानकारी को कोई भी इंटरनेट पर खोज सकता है। इतना सब कुछ होने के बावजूद भी क्रिएटिव किड्स द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में पुरानी और भ्रामक जानकारी प्रकाशित की गई है। आपको बता दें कि गलत और भ्रामक जानकारी देने वाली इस पुस्तक का मूल्य 560 रुपए है तो वहीं स्कूल की ओर से कक्षा चौथी के लिए पूरी किताबों के सेट की कीमत 4560 रुपए रखी गई है। मजे की बात यह है कि इस स्कूल की सब कक्षाओं की बुक्स यहां केवल एक ही दुकान से मिलती है। अभिभावकों में इस गलत जानकारी को छापने वाले प्रकाशक व इस बुक को स्कूल में लगाए जाने पर रोष हैं । अभिभावकों ने इस प्रकाशक को ब्लैक लिस्ट करने और स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।




सबंधित किताब का कवर पेज

### जानकारी वाले मामले को चेक करवाएंगे

यह सरासर गलत है। किताब में दी गई गलत जानकारी वाले मामले को संबंधित बीईओ से चेक करवाएंगे। वैसे कोई भी प्राइवेट स्कूल एनसीईआरटी/ एससीईआरटी की पुस्तकें उपलब्ध न होने पर ही निजी प्रकाशकों की केवल उन पुस्तकों को स्कूलों में लगवा सकता है जोकि एनसीईआरटी/ एससीईआरटी या सीबीएसई बोर्ड की ओर से प्रस्तावित हो।
**-सुधीर कालड़ा,** डीईईओ, अंबाला।

### इस बारे में जानकारी नहीं

मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है। मैं इसको अभी चेक करवाती हूं। एनसीआरटी की बुक्स कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों के लिए लगवाई जाती है। हम कई बार कुछ किताबें प्राइवेट पब्लिकेशन की लगवा देते है ताकि बच्चों को कुछ अलग से सीखने को मिले। अगर बच्चो को ऐसी कोई जानकारी दी गई है तो उसको दुरुस्त करवाया दिया जाएगा।
**-साक्षी गगनेजा,** प्रिंसिपल, लार्ड कृष्णा स्कूल।

---

अलग-अलग सड़क हादसों में बच्चे समेत चार की मौत

# डंपर की टक्कर लगने से दो हिस्से में बंटा तीन वर्षीय मासूम का शव


पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- डंपर ने पहले लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मारी, फिर बच्चे को कुचला

शहर के बाईपास पुल पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में डंपर की टक्कर लगने से तीन वर्षी बच्चे का शव दो हिस्सों में बंट गया। वहीं, अन्य स्थानों पर हुए हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई।

पुलिस ने चोरों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की गुलाब नगर निवासी रविंद्र ने बताया कि वह बुधवार सुबह अपने तीन वर्षीय लड़के रोय के साथ अपने साले को छोड़ने के लिए शहर के बाईपास पुल पर आया था। इस दौरान वह अपने बेटे को सड़क किनारे खड़ा करके साले को ऑटो में बिठाने लगा। तभी एक तेज गति से डंपर आया। डंपर ने पहले लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मारी। इसके बाद डंपर अनियंत्रित होकर उसके बेटे को कुचलता हुआ पुल की रैलिंग तोड़कर पेड़ों में जा घुसा। हादसे में उसके लड़के की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।



**यमुनानगर।** हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर-ट्राली व डंपर तथा मृतक का फाइल फोटो।

### स्कूटी चालक की मौत

जगाधरी की गांधीधाम कॉलोनी निवासी अमन गर्ग ने बताया कि उसका अंकल 33 वर्षीय अमन गर्ग अपनी स्कूटी पर किसी काम से गया था। जब वह हुडा सेक्टर-17 के पास जिंदल अस्पताल के पास मोड पर पहुंचा तो पिकअप ने उसके अंकल की स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे अंकल घायल हो गया। हादसे में लगी चोटों के कारण उसके अंकल की मौत हो गई।

### बाइक सवार की मौत

गांव मंसुरपुर निवासी श्याम लाल ने बताया कि उसका लड़का 28 वर्षीय दीपक दोपहर दो बजे अपनी बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव बदनपुरी के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही बस ने दीपक की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दीपक घायल हो गया। हादसे के बाद आरोप बस चालक मौके से फरार हो गया। अस्पताल में भर्ती इलाज के दौरान लड़के की मौत हो गई।

### बेटी की मौत, मां घायल

गांव अराइयावाला निवासी मंजू रानी ने बताया कि वह अपनी 12 वर्षीय लड़की भव्या के साथ एक्टिवा पर जा रही थी। जब वह गांव सरांवा के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे डंपर ने उनकी एक्टिव को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसकी बेटी सड़क पर जा गिरी। इस दौरान डंपर उसे कुचलता हुआ आगे निकल गया। जिससे उसकी बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में वह घायल हो गई।

---

# जमानत पर आए 4 युवकों पर हमला, दो हुए जख्मी

## चौकी प्रभारी पर रिपोर्ट न लिखने का आरोप

- परिजनों ने चौकी में किया हंगामा चौकी इंचार्ज ने आरोपों को नकारा
- जांच के दौरान सबूत मिलने पर होगी कार्रवाई : चौकी प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

तोपखाना बाजार में कल जमानत पर आए चार युवकों को कुछ युवकों ने रास्ते में रोककर हमला कर दिया । उनमें से एक के पैर में चाकू मार दिया। किसी तरह वह मौके से भाग निकला। मामले की शिकायत करने युवक तोपखाना पुलिस चौकी पहुंचे। घायलों का आरोप है कि चौकी प्रभारी ने मामले में शिकायत लिखने से मना कर दिया। इसके बाद युवकों के परिजन भी चौकी पहुंचे और हंगामा किया।

दरअसल तोपखाना परेड में रंजिश के चलते दो गुटों में मारपीट हो गई। एक पक्ष से यश और दूसरे पक्ष से शुभम घायल हो गए। अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार करवाने के बाद यश और उसके परिजन तोपखाना चौकी पहुंचे और वहां कोई कार्रवाई न होने पर हंगामा किया।

### यह है मामला

तोपखाना परेड स्थित वेल्डिंग की दुकान पर शुभम और यश के बीच झगड़ा हो गया। एक पक्ष से घायल यश ने बताया कि 6 अप्रैल को भी शुभम के साथ मारपीट की गई थी। उस मामले में पुलिस में मुकदमा दर्ज किया था। इसी मामले में एसडीएम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद घर लौटा था। वह वेल्डिंग की दुकान के पास पहुंचा ही था कि शुभम और उसके दोस्तों ने उसके साथ मारपीट की और धारदार हथियार से वार कर उसे घायल कर दिया। घायल शुभम ने यश पर दुकान के बाहर आकर हमला करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जब घायल युवक तोपखाना चौकी पहुंचे तो वहां इंचार्ज ने रिपोर्ट लिखने से मना कर दिया। इसके साथ ही अभद्र व्यवहार भी किया। घायल युवक और उसके परिजनों को चौकी से भगाने का भी आरोप चौकी इंचार्ज पर लगाया गया। हालांकि चौकी इंचार्ज जय सिंह ने सभी आरोपों को नकारा है। उल्टा घायल यश पक्ष के लोगों पर ही अभद्र व्यवहार व मुलाजिम के हाथ से एमएलआर व कार्ड छीनने के आरोप लगाए।

---

# 13 देशों के 28 सदस्यीय शिष्टमंडल का स्वागत



**करनाल ।** हरियाणा विधानसभा 16 अप्रैल से पहली बार 13 देशों के 28 सदस्यीय शिष्टमंडल के अध्ययन दौरे की मेजबानी कर रही है। शिष्टमंडल बुधवार को हरियाणा विधानसभा के लिए दिल्ली से चंडीगढ़ जाते समय करनाल में मधुबन के पास एक निजी रेस्त्रां में जलपान के लिए रूका। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। बता दें कि विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा विधानसभा में पहुंचने पर शिष्टमंडल से मुलाकात करेंगे। शिष्टमंडल में शामिल सभी प्रतिनिधि विधि निर्माण के विशेषज्ञ हैं और वे विधान प्रारूपण में 36वें अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत लोकसभा में प्रशिक्षण के बाद हरियाणा विधानसभा के साथ जोड़ा गया है। लोकसभा ने 16 से 21 अप्रैल तक 6 दिवसीय प्रशिक्षण की जिम्मेदारी हरियाणा विधानसभा सचिवालय को सौंपी है। शिष्टमंडल में 13 देशों के संसदीय व न्यायिक प्रणाली से जुड़े 28 उच्च अधिकारी शामिल रहेंगे। इनमें कोट, डी-आइवर, इक्वेडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरस, मालदीव, मंगोलिया, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, श्रीलंका, तंजानिया, जाम्बिया, जिम्बाब्वे शामिल हैं। शिष्टमंडल के साथ लोकसभा के 10 वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

**करनाल।** करनाल में एक व्यक्ति को विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित के रिश्तेदार ने इंस्टाग्राम वीडियो देखकर आरोपी से संपर्क किया और उसकी मुलाकात आरोपी से कराई।

फिर कनाडा भेजने के नाम पर 14 लाख 40 हजार रुपये से ज्यादा की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने जब पैसे मांगे तो आरोपी ने चेक दिया, जो बाउंस हो गया। अब आरोपी धमकी देकर बचने की कोशिश कर रहा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। इंस्टाग्राम पर वीडियो देख युवक ने संपर्क किया कलंदरी गेट निवासी पीड़ित गुरबाज सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी पत्नी के भाई गुरप्रीत ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो देखी थी, जिसमें आरोपी साहिल शर्मा कनाडा भेजने की जानकारी दे रहा था।

---

# देश में संस्कृति और समरसता को बचाने के लिए युवाओं का आगे आना जरूरी : अविनाश राय

- रेडक्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष ने तीन दिवसीय महादेव सनातन शक्ति यात्रा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

रेडक्रॉस सोसाइटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अविनाश राय खन्ना ने कहा कि देश में संस्कृति और समरसता को बचाने के लिए युवाओं का आगे होना बहुत जरूरी है। वर्तमान समय में युवा देश की संस्कृति और समरसता को समझकर अपने से बड़ों को समझाएंगे और साथ ही आने वाली पीढ़ी का भी सुधार करेंगे।

रेडक्रॉस सोसाइटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अविनाश राय खन्ना बुधवार को गांव मथाना में आयोजित महादेव सनातन शक्ति यात्रा के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने महायज्ञ में शामिल होकर आहुति डाली। साथ ही यात्रा को सफल बनाने और देश की सुख, शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। रेड क्रॉस सोसाइटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अविनाश राय खन्ना ने तीन दिवसीय महादेव सनातन शक्ति यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश की 60 करोड़ जनता ने उत्तर प्रदेश में आयोजित महाकुंभ के दौरान डुबकी लगाकर समरसता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में किसी से जात और धर्म नहीं पूछा गया। कुंभ में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता नहीं हुई। इससे पहले भगवान श्री राम ने शबरी के बेर खाकर इस भेदभाव को दूर करने का संदेश दिया था। इसी तरह का संदेश पिछले कुंभ मेले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफाई कर्मचारियों के पैर धोकर आदर मान-सम्मान के साथ सत्कार कर समाज के लोगों को एकजुट व एकता का संदेश दिया था।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हिंदू सनातन वाहिनी के संगठन महासचिव मनोज जोगी, विशाल गोलिया, मनोज भारद्वाज, सरपंच प्रतिनिधि रवि कुमार, बीडीपीओ पिपली रूबल, पंचायत सेक्रेटरी जसपाल आदि मौजूद रहे।

---

गेहूं 500 से 700 ग्राम प्रति कट्टा कम तौले जाने का आरोप

# भाकियू ने किया मंडियों का दौरा, तौल में हेराफेरी

- जांच के दौरान लेबर तौल कार्य बंदकर दुकानों में लौट गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान की ओर से गठित की गई भाकियू कार्यकर्ताओं की टीम ने अनाज मंडियों का अचानक दौरा करते हुए गेहूं खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

भाकियू टीम ने बुधवार को करनाल व कुंजपुरा की अनाज मंडियों का भाकियू जिला चेयरमैन साहब सिंह बाजवा व प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान की संयुक्त अगुवाई में दौरा किया। दौरे के दौरान उक्त मंडियों में बिक्री हो चुकी गेंहू के भरे कट्टों का तौल जांचा गया। तौल जांच अभियान के चलते मंडियों में हडकंप मच गया। बताया गया है कि जब कुंजपुरा मंडी में तौल की जांच की जा रही थी, उसी दौरान तौल करने वाली लेबर बीच में ही तौल कार्य को बंद करके अपनी अपनी दुकानों पर लौट गई। भाकियू कार्यकर्ताओं के मंडी से लौट जाने के बाद दौबारा तौल के कार्य को शुरू किया गया। करनाल अनाज मंडी की 5 दूकानों तथा कुंजपुरा मंडी की 2 दुकानों पर जाकर गेंहू से भरे कट्टों के तौल की जांच की गई। इस दौरान तौले गए प्रत्येक कटटे में सरकार की ओर से निर्धारित किए गए वजन से 500 से 700 ग्राम गेंहू प्रति कट्टा अधिक पाया गया। मौके पर संबंधित मार्किट कमेटी के सुपरवाईजर को बुला कर कार्यवाही करने के लिए शिकायत की गई। भाकियू टीम ने मौके पर मार्किट कमेटी के संबंधित कर्मचारियों को बुलाकर तौल रजिस्टर में तौल में की गई धांधली की शिकायत दर्ज करवाई गई है। भाकियू की टीम में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा कि इसी प्रकार से मंडियों के दौरे जारी रहेगें। भाकियू की टीम ने करनाल व कुंजपुरा की अनाज मंडियों का दौरा करने के उपरांत भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान को विस्तृत रिपोर्ट सौंप कर अनाज मडियों में पाई गई धांधली के बारे में सारी स्थिति से अवगत करवा दिया गया है।



### अपना कांटा लेकर गए

अनाज मंडियों में तौल चेक करने के लिए भाकियू टीम के सदस्य डिजिटल कांटा अपने साथ लेकर मंडियों में पहुंचे। टीम के सदस्य व भाकियू नेता सुरेंद्र सागवान का कहना है कि मंड़ी में तौल के लिए प्रयोग किए जा रहे स्केल कांटे व डिजिटल कांटे से किए गए तौल में काफी अंतर पाया गया। कल डी.सी से मिल कर भाकियू नेता सौंपेगें रिपोर्ट करनाल व कुंजपुरा अनाज मंडियों में तौल हेराफेरी के मामले को लेकर जिला उपायुक्त उत्तम सिंह से वीरवार को भाकियू का शिष्टमंडल सेक्टर-12 स्थित मिनी सचिवालय में भेंट करके इस मामले से अवगत करयाया जाएगा।

---

# कैशियर ने पैसे जमा करने आए व्यक्ति को कैंची मारी

- पैसे जमा न करने को लेकर हुआ था दोनों में विवाद, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिले के पंजाब नेशनल बैंक में कैशियर ने बैंक में आए एक शख्स पर कैंची से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित व्यक्ति बैंक में कैश जमा करवाने के लिए आया था। वह लाइन में खड़ा था और जब उसका नंबर आया तो कैशियर ने उसके पैसे जमा नहीं किए, जिसकी वजह से दोनों के बीच बहस हो गई।

इसी बीच कैशियर ने उस पर कैंची से हमला कर दिया। घायल अवस्था में खून से लथपथ युवक को बैंक मैनेजर ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। समय खत्म होने का बहाना बनाकर कैशियर ने मना किया। नीलोखेड़ी निवासी पीड़ित पवन कुमार ने बताया कि वह 15 अप्रैल को दोपहर करीब साढ़े 3 बजे पंजाब नेशनल बैंक, नीलोखेड़ी ब्रांच में पैसे जमा कराने पहुंचा था। जब उनका नंबर आया तो कैशियर अजय कुमार ने पैसे लेने से यह कहकर मना कर दिया कि 4 बजे के बाद पैसे जमा नहीं होंगे।

### कैशियर हुआ फरार

वारदात के बाद कैशियर हुआ फरार घटना के बाद आरोपी कैशियर अजय कुमार ड्यूटी छोड़कर बैंक से फरार हो गया। पवन ने बताया कि उनका और उनके परिवार का इस बैंक में खाता है, और उनका रोजाना का आना-जाना होता है। पवन कुमार ने मामले की शिकायत नीलोखेड़ी पुलिस चौकी में दी।

## खबर संक्षेप



### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय के यूथ रेडक्रास की ओर से बुधवार को महाविद्यालय में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुरेश चंद्र मेमोरियल आई एंड जनरल चैरिटेबल हॉस्पिटल जोडियों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। फ्री नेत्र जांच शिविर में डॉ. इंदू व उनकी सहायक इंदु मलिक द्वारा विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई।

### फार्म हाउस से चुराया हजारों रुपये का सामान

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने घर व फार्म हाउस को निशाना बनाकर नकदी समेत हजारों रुपये के आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार शहर की शिवपुरी बी निवासी विवेक राय ने पुलिस को शिकायत दी है।

### घर लौट रहे व्यक्ति से छीनी नकदी-साइकिल

**यमुनानगर।** बदमाशों ने बीती रात काम से घर लौट रहे व्यक्ति से चार हजार रुपये व साइकिल छीन ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हरिपुर जाट्टान निवासी कुलदीप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात को करीब 12 बजे वह साइकिल पर काम से घर लौट रहा था।

### हमला करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** शहर के जिंदल पार्क के नजदीक चार दिन पहले दो दोस्तों के साथ मारपीट करने व जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

## मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाया परेशान करने का आरोप

# विवाहिता ने संदिग्ध हालत में पंखे में फंदा लगाकर कर ली खुदकुशी

- पुलिस ने चार पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरू की जांच
- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले के गांव सुघ में एक विवाहिता ने घर की छत में लगे पंखे में फांसी का फंदा लगाकर संदिग्ध हालत में खुदकुशी कर ली। मृतक के परिजनों ने उसकी ससुराल पक्ष के लोगों पर उसे परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने फिलहाल चार पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक गांव फेरूवाली निवासी संजू ने पुलिस को बताया कि उसकी भतीजी काजल(20) की शादी वर्ष 2024 में सुघ निवासी प्रीतम के साथ की थी। प्रीतम यमुनानगर में किसी निजी एजेंसी में नौकरी करता है। उन्होंने बताया कि शादी के बाद कुछ दिन तो सब ठीक रहा। मगर इसके बाद ससुराल पक्ष के लोगों किसी ना किसी बहाने काजल को परेशान करने लगे। इस बारे में



- यमुनानगर के गांव सुघ में विवाहिता द्वारा फंदा लगाकर खुदकुशी करने वाली मृतका काजल का फाइल फोटो।

काजल ने कई बार परिजनों को अवगत करवाया गया। परिजनों ने उसके ससुराल पक्ष के लोगों को समझाया भी गया। मगर समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिसके कारण काजल ने घर की छत में लगे पंखे में चुन्नी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। इस दौरान पुलिस ने मृतका के परिजनों के ब्यान के आधार पर चार पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच ओशुरु कर दी।



**यमुनानगर।** गांव सुघ में फंदा लगाकर खुदकुशी करने वाली विवाहिता के मामले में पोस्टमार्टम के दौरान कार्रवाई करती पुलिस व मौके पर मौजूद परिजन।

### मामले में की जांच जारी

मामले की जांच कर रहे बुड़ियि थाना प्रभारी नरसिंह ने बताया कि मृतका के परिजनों के ब्यान के आधार पर चार पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले में गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मानसिक रुप से परेशान ने की खुदकुशी

पुलिस सूत्रों ने बताया कि गांव छारी निवासी प्रमोद कुमार(40) पिछले काफी समय से किसी बात को लेकर मानसिक रुप से परेशान चल रहा था। इसी परेशानी के चलते प्रमोद ने घर की छत में लगे पंखे में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। रादौर थाना के जांच अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि जांच में सामने आया है कि प्रमोद लंबे समय से मानसिक रुप से परेशान चल रहा था। इसी परेशानी के चलते उसने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।



**यमुनानगर।** शादीपुर के गांव में जनसंपर्क के दौरान अधिकारियों को जौहड़ से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश देते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

## विधायक ने अवैध कब्जों को हटाने के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए

- सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शादीपुर समेत विभिन्न स्थानों पर किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

विकसित भारत मिशन के तहत यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र को पूरी तरह विकसित बनाया जाएगा। उक्त शब्द सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बुधवार को गांव शादीपुर समेत विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क के दौरान कहे। मौके पर उन्होंने शादीपुर के जौहड़ पर किए गए अवैध कब्जों को तुरंत हटाए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा बुधवार को सबसे पहले शादीपुर में पहुंचे और लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान लोगों ने गांव के जोहड़ पर अवैध कब्जा होने की समस्या बताई। जिस पर उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को जौहड़ से अवैध कब्जे हटाए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने यमुनानगर निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम, पब्लिक हेल्थ और पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता, एसडीओ व जेई के साथ शादीपुर के राजकीय स्कूल वाली गली, छाबड़ा स्वीट हाउस वाली गली में भरे हुए पानी की निकासी करने के निर्देश दिए। इसके बाद विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने पुराना हमीदा वाले फाटक पर मार्केट वालों से मिल कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने मौके पर दुकानदारों की समस्याओ का समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि वह यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र को पूरी तरह से विकसित बनाने में लगे हुए हैं।

## सरकार ले रही जनविरोधी निर्णयः तंवर

- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिलास्तरीय पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन वीरवार को शहर के दशहरा ग्राउंड में किया गया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्यारे लाल तंवर व कामरेड सोमनाथ ने की। इस दौरान बैठक में 21 अप्रैल को प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण विभिन्न मुद्दों को लेकर जिला सचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने और मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। पार्टी के जिला सचिव प्यारेलाल तंवर ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार व हरियाणा की भाजपा सरकार ने जन विरोधी व



**यमुनानगर।** दशहरा ग्राउंड में आयोजित बैठक में भाग लेते भाकमपा के पदाधिकारी।

महंगाई बढ़ाने वाले फैसले लिए हैं। जिससे जनता की रोजमर्रा की जिंदगी पर भारी बोझ पड़ेगा। रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल ,डीजल, बिजली, टोल प्लाजा पर टैक्सों में बढ़ोतरी करके भाजपा सरकार ने जनता पर असहनीय बोझ डाल दिया है। बीपीएल कार्ड धारकों के राशन कार्ड काटे जा रहे हैं। राशन सहित अन्य लाभार्थियों को कहा जा रहा है कि अवैध कार्ड धारक निर्धारित समय में राशन कार्ड कटवालें अन्यथा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी और लाभ लेने वालों से रिकवरी की जाएगी। यही नहीं दो साल तक जेल में डालने की धमकी दी जा रही है। भारतीय मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड धर्मपाल चौहान ने भी इस बारे चिंता व्यक्त की है। बैठक में निर्णय लिया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व मार्कसवादी पार्टियां संयुक्त रुप से उपरोक्त मुद्दों को लेकर 21 अप्रैल को जिला सचिवालय के समक्ष सांझा धरना प्रदर्शन करेंगी।

## रोग का उचित और पूर्ण जानकारी से निदानः अरोड़ा

- मुकंदलाल जिला नागरिक अस्पताल में थैलेसीमिया एवं बोनमैरो ट्रांसप्लांट जागरुकता कार्यशाला का किया आयोजन
- विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

ग्लाबली इंटीग्रेटिड फाउंडेशन फॉर थैलेसीमिया के तत्वावधान में फोर्टिस मैमोरियल शोध संस्थान ग्रुरूग्राम व ईनर व्हील क्लब ऑफ यमुनानगर के सहयोग से मुकंदलाल जिला नागरिक अस्पताल में थैलेसीमिया से ग्रस्त मरीजों के लिए थैलेसीमिया एवं बोनमैरो ट्रांसप्लांट जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश



**यमुनानगर।** नागरिक अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते वक्ता।

सपरा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी ने की। कार्यशाला के दौरान मौजूद थैलेसीमिया से ग्रस्त मरीजों व गर्भवती महिलाओं की जांच भी की गई और उन्हें नियमित योगाभ्यास करने के लिए भी प्रेरित किया गया। मुख्यातिथि एवं सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा की प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूर्ण रुप से कदम उठा रही है। विशेषकर थैलेसीमिया से ग्रस्त मरीजों के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर में मरीजों के उपचार के अलावा समय समय पर कार्यशालाओं का आयोजन कर मरीजों को रोग, इसकी जांच, उपचार व दवाओं बारे पूर्ण जानकारी प्रदान की जाती है। विधायक ने कहा कि उचित व पूर्ण जानकारी द्वारा ही रोग का निदान किया जा सकता है। अतः आज की कार्यशाला द्वारा बोनमैरो ट्रांसप्लांट बारे जानकारी प्रदान की गई है। जिससे मरीजों को बहुत लाभ होगा तथा इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की जांच व गर्भावस्था के दौरान नियमानुसार योग के प्रयोग बारे भी जानकारी प्रदान की गई। ताकि सभी स्वस्थ रहें। क्योकि स्वास्थ्य ही सफलता की कूंजी होता है। मौके पर जिला सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी ने कहा कि अस्पतालों व स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रयासों और सहयोग से ही स्वास्थ्य विभाग इस प्रकार के रोगों से ग्रस्त मरीजों को पूर्ण जागरूकता के साथ उपचार उपलब्ध करा सकता है। उन्होंने कहा कि मरीजों को उचित जांच व बोनमैरो ट्रान्सप्लांट द्वारा लाभ प्राप्त होगा। इसलिए मरीजों को अपनी जांच अवश्य करवानी चाहिए। वहीं, फोर्टिस मैमोरियल शोध संस्थान गुरूग्राम से आए डॉ. विकास दुआ ने बताया कि थैलेसीमिया के मरीजों को समय समय पर रक्त चढाना पडता है। जिसके कारण शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ती है ।

## सावधानी से करे ब्लूटूथ फ्री वाइफाई का इस्तेमाल

- जिला पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल ने जिलेवासियों को साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए आहवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

साइबर अपराधों से बचने के लिए लोगों को ब्लूटूथ व फ्री वाइफाई का इस्तेमाल सार्वजनिक स्थानों पर सावधानी से करना चाहिए। ताकि साइबर ठगी से बचा जा सके। जिला पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल ने जिलेवासियों को साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए आहवान किया है।

पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल ने कहा कि डिजिटल क्रांति के इस युग में हमारा ज्यादातर काम ऑनलाइन हो गया है। हम अपने मनोरंजन के लिए भी इंटरनेट यूज करते रहते हैं। शॉपिंग से लेकर बिल



- जानकारी देते एसपी राजीव देसवाल।

भरने तक बैंक से जुड़े भी कई काम करने में हम ऑनलाइन मोबाइल लैपटाप या अन्य डिवाइस का प्रयोग करते हैं। कई बार जालसाज आपके इन उपकरणों को विभिन्न तरीकों से हैक करके आपका डाटा चुरा कर साइबर क्राइम को अंजाम देते हैं। उन्होंने बताया कि आजकल सक्रिय साइबर अपराधी साइबर अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहे हैं। अब साइबर अपराधी लोगों से ठगी के लिए सार्वजनिक स्थानों पर ब्लूटूथ को हथियार बना रहे है।

## अच्छी सेहत उज्जवल भविष्य की नींवः डॉ. शर्मा

- यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर में पोषण पखवाड़ा के तहत उल्लास से मनाया हैल्दी टिफिन एक्टिविटी डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

सीबीएसई द्वारा चलाए जा रहे पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर यमुनानगर में वीरवार को हैल्दी टिफिन एक्टिविटी डे मनाया गया। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चे अपने टिफिन में पौष्टिक और संतुलित भोजन जैसे फल, सलाद, अंकुरित अनाज, सूखे मेवे, होममेड परांठा सब्जी, इडली व उपमा आदि लेकर पहुंचे और कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ स्वस्थ एवं अस्वस्थ खाद्य पदार्थों के बीच अंतर पर चर्चा की। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि जंक फूड जैसे चिप्स, कोल्ड ड्रिंक, अधिक तले भुने खाद्य पदार्थ आदि शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं और मोटापा, थकान, पाचन संबंधी समस्याएं, ऊर्जा की कमी जैसी समस्याओं का कारण बन सकते हैं। इसके विपरीत हैल्दी फूड



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में आयोजित हैल्दी टिफिन एक्टिविटी डे कार्यक्रम में अपने टिफिन में लाए गए पौष्टिक भोजन के साथ भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

न केवल शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। बल्कि यह मस्तिष्क के विकास, एकाग्रता और समग्र स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि बच्चों की अच्छी सेहत उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। हैल्दी टिफिन एक्टिविटी न केवल विद्यार्थियों को संतुलित आहार के महत्व को समझने में मदद करती है। बल्कि उन्हें स्वयं जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने की ओर भी प्रेरित करती है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास करता है। हम अपने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना चाहते हैं। ताकि वे छोटी उम्र से ही बेहतर जीवनशैली अपनाएं और एक मजबूत नींव रख सकें। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को उन्हें भोजन में पौष्टिकता को प्राथमिकता देने के लिए आहवान किया। ताकि बच्चे स्वस्थ रह सकें।



**यमुनानगर।** यमुनानगर में आगमन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करती मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

### प्रधानमंत्री ने जिलेवासियों को दी करोड़ों की सौगात

**यमुनानगर।** नगर निगम यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी ने गत दिवस जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को ऐतिहासिक बताया है। इस आगमन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों रुपये की सौगात जिलेवासियों को दी है। जिससे पूरे जिलेवासी खुश हैं। उक्त जानकारी उन्होंने बुधवार को प्रैसवार्ता के दौरान प्रधानमंत्री से की गई भेंट की फोटो दिखाते हुए कही। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर यमुनानगर के लिए एक ऐतिहासिक दिन बन गया। जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिले में करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का पदार्पण किया। प्रधानमंत्री ने दो महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात दी। 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल पावर प्लांट की नई यूनिट और 90 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया। दोनों प्रोजेक्ट से जिले के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। मेयर बहमनी ने बताया कि इस गौरवपूर्ण अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनके साथ संवाद कर विकास के विजन को निकट से जानने का अवसर अविस्मरणीय रहा। उनका सादगीपूर्ण व्यवहार और दूरदर्शी सोच प्रेरणादायक है।



**यमुनानगर।** मुकंदलाल स्कूल रादौर में पुरस्कार पाकर खुशी मनाते हुए खिलाड़ी।

### हर्षिता की टीम ने जीती खो-खो प्रतियोगिता

**रादौर ।** रादौर के मुकंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बुधवार को खो खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। लड़कियों की खो खो खेल प्रतियोगिता का फाइनल हर्षिता व वंशिका की टीम के बीच हुआ। जिसमें हर्षिता की टीम ने जीत हासिल की। लड़कों की खो खो खेल प्रतियोगिता का फाइनल तुषार व सौरभ की टीम के बीच हुआ। जिसमें तुषार की टीम ने जीत हासिल की। खो खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य कोच सचिन कुमार, आंचल शर्मा व संस्कृत शिक्षक बलराम शर्मा के निरीक्षण में संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों में खेल की भावना को जागृत करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि खेल हमारे शरीर को जहां स्वस्थ रखने में सहायक हैं। वहीं, खेलों से एक दूसरे के प्रति आत्मीयिता का भाव बढ़ता है और विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास होता है।

**कार्यक्रम** श्रीलालद्वारा मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा शहर में आयोजित की जा रही प्रभातफेरियां

श्रीलालद्वारा मंदिर में 20 व 21 अप्रैल को आयोजित होगा दो दिवसीय समागम

# प्रभातफेरी का शहर के ग्रीनपार्क फेस वन और टू में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

श्रीलालद्वारा मंदिर प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में महंत श्रीरामसुंदर दास महाराज के आगमन को लेकर मंदिर में 20 व 21 अप्रैल को श्रीलाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में दो दिवसीय भव्य समागम का आयोजन किया जाएगा। समागम को लेकर पिछले दस दिन से श्रीलालद्वारा मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में रोजाना प्रभातफेरियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को शहर के ग्रीन पार्क फेस वन और टू में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रभातफेरी का जगह जगह स्वागत किया गया।



- यमुनानगर के ग्रीन पार्क में निकाली गई प्रभातफेरी में शामिल बाला लाल जी की आकर्षक झांकी की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

बुधवार सुबह पांच बजे प्रभातफेरी का ग्रीन पार्क में आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभात फेरी ग्रीन पार्क के फेस वन और फेस टू में विभिन्न इलाकों से होती हुई अंत में श्रद्धालु लक्ष्य दत्ता के निवास स्थान पर पहुंची। जहां प्रभातफेरी का पूजा अर्चना करके नाच गाकर ओर पुष्प वर्षा कर भक्ति भाव से स्वागत किया गया। प्रभात फेरी जिन इलाकों में गई वहां पर श्रद्धालुओं ने उसका पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया और बाबा लाल जी के भव्य स्वरूप को माथा देखकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर मंदिर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य देवेंद्र मेहता ने बताया कि महंत श्री राम सुंदर दास महाराज 20 व 21 अप्रैल को श्रद्धालुओं को नामदीक्षा व आर्शीवाद देने के लिए मंदिर में पधारेंगे। इस अवसर पर दो दिन समागम का आयोजन किया जाएगा। मेहता ने बताया कि वीरवार को प्रभातफेरी का कलिंदी कॉलोनी में जोरदार स्वागत किया जाएगा और इसके अगले दिन 18 अप्रैल को श्री लालद्वारा कॉलोनी में अंतिम प्रभातफेरी निकालकर उसका समापन किया जाएगा। लक्ष्य दत्ता ने बताया कि मानव उन्नति की ओर अग्रसर हो सकता है। मानव जीवन में जो व्यक्ति धर्म व ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण रखता है। जो अपना सर्वस्व भगवान को अर्पित कर देता है उसकी रक्षा के लिए ईश्वर स्वयं तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि भक्तों का भगवान के प्रति समर्पण और प्रेम भाव ही ईश्वर भक्ति का दिव्य स्वरूप है। भक्तिभाव का आधार प्रेम, श्रद्धा और समर्पण है। जब भक्त की कामना या प्रार्थना ईश्वर को समर्पित हो जाए तो समझना चाहिए की यही सच्ची भक्ति है।

## खबर संक्षेप

### कुवि में दो दिवसीय सम्मेलन 28 से

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में 28 और 29 अप्रैल 2025 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आईटीईपी (एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम) पर उत्तरी क्षेत्र के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के लिए आयोजित होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा के लिए कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम की उचित व्यवस्था बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए व तैयारियों की समीक्षा की गई।

### आईटीआई की डीएएसी की बैठक 22 अप्रैल को

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की डीएएसी की बैठक का आयोजन 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के सभागार में होगा। इस बैठक की अध्यक्षता एडीसी सोनू भट्ट करेंगे। यह जानकारी आईटीआई के प्रधानाचार्य जगमोहन ने दी है।

### विद्यार्थियों ने किया भारतीय वन्यजीव संस्थान का दौरा

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुवि के लगभग 40 अंतिम वर्ष के एमएससी जूलॉजी के छात्रों के एक समूह ने देहरादून के भारतीय वन्यजीव संस्थान का शैक्षणिक दौरा किया और वन्यजीव संरक्षण और अनुसंधान सुविधाओं के बारे में मूल्यवान जानकारी प्राप्त की। प्राणी विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. अनीता भटनागर ने इस दौरे का नेतृत्व किया। उन्होंने छात्रों को कक्षा में सीखने से परे व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद करने के लिए इस तरह के शैक्षिक भ्रमण के महत्व पर जोर दिया।

### साइक्लोथॉन की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** प्रदेश को नशा मुक्त बनाने का संदेश लेकर साइक्लोथॉन 2.0 कुरुक्षेत्र की सीमा में अंबाला के मार्ग से 21 अप्रैल को प्रवेश करेगी और 22 अप्रैल को कैथल के लिए रवाना होगी। इस साइक्लोथॉन 2.0 की तैयारियों और प्रबंधों को लेकर 17 अप्रैल 2025 को दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय के सभागार में बैठक का आयोजन होगा। इस बैठक की अध्यक्षता एडीसी करेंगे। यह जानकारी नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने दी है।

### हिमाचल के राज्यपाल से मिलेगा शिष्टमंडल

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री की लीडरशिप में भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के 9 सदस्ययी मीडिया पर्सन्स का एक शिष्टमंडल हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार की तर्ज पर हिमाचल के पहाड़ी क्षेत्रों में अपनी जान जोखिम में डाल कर निडरतापूर्वक पत्रकारिता करने वाले हिमाचल प्रान्त के मीडिया पर्सन्स को भी हिमाचल सरकार द्वारा हर मास 15 हजार रुपए महीना मासिक पेंशन देने की मांग को लेकर हिमाचल के महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मिल कर उन्हें इस संबंध में एक मांग पत्र सौंपेगा।

## विभिन्न एजेंसियों ने अब तक 2 लाख 32 हजार 641 एमटी गेहूं खरीदा

# गेहूं की आवक तेज, कट्टों से अटी अनाज मंडी, उठान हो रहा धीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले की सभी अनाज मंडियों और खरीद केंद्रों पर गेहूं की आवक तेज हो गई हैं। इसके विपरीत उठान का काम बहुत धीमा होने से मंडियों में गेहूं से भरे कट्टों के ढेर लग गए हैं। ऐसे ही हालात बने रहे तो नए किसानों को अपना अनाज मंडियों में लेकर आने में मुसीबतें होंगी। फड़ों पर जगह नहीं बचेगी तो खेतों से आने वाला अनाज कहां पर उतारा जाएगा। इस सीजन में विभिन्न एजेंसियों द्वारा 2 लाख 32 हजार 641 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। इसमें से 23 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य हुआ है। एडीसी सोनू भट्ट ने सभी एसडीएम को निर्देश जारी करते हुए कहा कि किसानों और व्यापारियों की सुविधा के लिए गेहूं के उठान कार्य में अभी और तेजी लाने की जरूरत है। जब एजेंसियां तेज गति के साथ लिफ्टिंग का कार्य करेंगी तब मंडियों में खरीद कार्य सुचारू रूप से चल सकेगा और किसान भी अपनी फसल को और तेज गति के साथ मंडियों में ला सकेंगे। उन्होंने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 1 लाख 39 हजार 222 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है और इस एजेंसी द्वारा 31434 एमटी गेहूं के उठान कार्य को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि हैफेड ने 88 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है और इसमें से 21912 एमटी गेहूं की लिफ्टिंग की है, हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 3849 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है और इसमें से 69 एमटी का उठान कार्य पूरा किया गया है। इसके अलावा प्राइवेट एजेंसियों द्वारा 1570 एमटी गेहूं खरीदा है और इसमें से 525 एमटी गेहूं का उठान कार्य किया है। इस प्रकार इस जिले में अब तक 2 लाख 32 हजार 641 एमटी गेहूं खरीदा है और इसमें से 53940 एमटी गेहूं के उठान कार्य को पूरा किया है।


कुरुक्षेत्र। गेहूं से भरी कट्टे की जांच करती टीम।

### सभी एसडीएम को लिफ्टिंग का कार्य तेज करवाने के आदेश

अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि सभी एसडीएम गेहूं के सीजन के दौरान नियमित रूप से मंडियों का निरीक्षण करेंगे और गेहूं के उठान कार्य को तेज गति के साथ करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस मामले में जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि खरीद कार्य सुचारू रूप से चल रहा है, किसी व्यापारी किसान को दिक्कत या परेशानी नहीं आने दी जा रही है।

## थानेसर अनाज मंडी में सीएम फ्लाइंग ने की रेड, तोल में मिली अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में किसानों के गेहूं की तौल में अनियमितता की शिकायत के बाद सीएम फ्लाइंग ने कार्रवाई की। टीम ने थानेसर अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। थानेसर अनाज मंडी में सीएम फ्लाइंग निरीक्षक राजेश कुमार, सब इंस्पेक्टर राजबीर, माप तोल इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह, हैफेड इंस्पेक्टर पारस गुप्ता, इंस्पेक्टर डीएफएससी प्रवीण, थानेसर अनाज मंडी सेक्टरी हरजीत सिंह की मौजूदगी में जांच की गई। टीम ने निरीक्षण के दौरान मंडी में व्यापारियों द्वारा की जा रही तौल व्यवस्था की बारीकी से जांच की गई। मौके पर भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के नेता संजीव आलमपुर ने कहा कि यूनियन द्वारा किसानों के गेहूं की तौल में अनियमितता की शिकायत सीएम फ्लाइंग कार्यालय में दी थी। जिस पर विभाग ने तुरंत संज्ञान लेते हुए मौके पर टीम भेजी। इसके लिए भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह ने टीम का आभार जताया। थानेसर अनाज मंडी में पहुंचने पर टीम दो दुकानों पर पहुंची जहां पर एक दुकान पर तोल ठीक मिला वही एक अन्य दुकान के सामने रखी गेहूं की बोरियों को कांटे पर रखने पर वजन ज्यादा मिला। टीम में जब एक गेहूं की बोरी जांच की तो उसमें 60 किलो वजन मिला, एक अन्य बोरी में 55 किलो वजन मिला। तीसरी बोरी में 56 किलो 700 ग्राम वजन मिला। माप तोल इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने कहा कि 10 कट्टों में वजन ज्यादा पाया जिस पर माप तोल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। थानेसर अनाज मंडी सेक्टरी हरजीत सिंह ने कहा कि मौके पर तोल में अंतर पाया गया है जो भी कार्रवाई होगी वह की जाएगी।

## डिजीटल दौर में वन मैन आर्मी बनने से निपुणता में आएगा निखार: सेन

- केयू के आईएमसीएमटी में पत्रकारिता पर पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के मिनी ऑडिटोरियम में एक दिवसीय कार्यशाला फ्रार्म हेडलाइन टू हैसटैग्सः नैविगेटिंग डिजिटल मीडिया विषय पर आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रिसोर्स पर्सन बैनेट यूनिवर्सिटी, ग्रेटर के प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस अयानजीत सेन ने कहा कि डिजीटल दौर में मीडिया के छात्रों को वन मैन आर्मी बनने से विद्यार्थियों की निपुणता में निखार आएगा। विद्यार्थियों को डिजिटल युग में वन मैन आर्मी की तरह तैयार होना होगा क्योंकि डिजीटल युग वन मैन आर्मी आधारित ही है इसमें किसी दूसरे या दूसरे व्यक्ति की कम ही आवश्यकता होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक जीवन में प्रत्येक प्रकार की टैज्निंग को लक्ष्य आधारित मानकर करना होगा क्योंकि जीवन के किसी भी क्षण ली गई टैज्निंग अपने कार्य क्षेत्र की पूर्ति के लिए लाभदायक बन सकती है। उन्होंने कहा कि डिजीटल मीडिया की किसी प्रकार की चुनौतियां का हल अपने अंदर आत्मविश्वास के जरिये दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर जनसंचार संस्थान के अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. अभिनव, डॉ. तपेश किरण, डॉ. रोशन मस्ताना, राकेश कुमार, सचिन कुमार, अमित कुमार, राहुल अरोड़ा, प्रीति, नितिन चावला, सुनिता, रितु, डॉ. प्रदीप, कंचन शर्मा, अर्पणा, सन्नी जांगड़ा और नॉन टीचिंग स्टॉफ से डॉ. सतीश राणा, जितेंद्र रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

### साइबर अपराध जागरुकता पर वर्कशॉप आयोजित



**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सीजेएम एवं सचिव नितिन राज द्वारा एडीआर सैंटर में साईबर क्राईम जागरुकता पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसके तहत पीएनबी बैंक एलडीएम मलकीत सिंह ने सभी को साईबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरुक किया।

## राजकीय स्कूलों में बच्चों को अब आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करा रही सरकार : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- माता अमर कौर, माता मलकीत कौर मैमोरियल ट्रस्ट ने मेधावी विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

माता अमर कौर, माता मलकीत कौर मेमौरियल ट्रस्ट कुरुक्षेत्र द्वारा राजकीय मिडल स्कूल रतगल में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को विशेष सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने विशेष रूप से शिरकत कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सभी राजकीय स्कूलों में अब आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है, इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को राजकीय स्कूलों में प्रवेश दिलाएं। कार्यक्रम में वार्ड-8 कुरुक्षेत्र के नगर पार्षद सतीश गर्ग, समाज सेवी अवनी गुप्ता, सरबत का भला चैरीटेबल ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के जिलाध्यक्ष गुलशन कुमार ग्रोवर, सूबेदार रविन्द्र कौशिक, अन्नपूर्णा शर्मा इंचार्ज, सरबत दा भला ट्रस्ट शिक्षण संस्थान कुरूक्षेत्र भी मौजूद रहे। माता अमर कौर एवं माता मलकीत कौर मेमैरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर प्रधान सिंह कंग तथा उनकी पत्नी नरिंद्र कौर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।



### सरकारी स्कूलों में दाखिले बढ़ाने के लिए शुरू की शिक्षा रथ यात्रा

**कुरुक्षेत्र।** निपुण हरियाणा के अंतर्गत गाँव-गाँव जन-जन तक सरकारी विद्यालयों में दाखिला बढ़ाने की मुहिम को साकार करने के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक की अगुवाई में शुरू की गई शिक्षा रथ यात्रा थानेसर खंड के गांव प्रतापगढ़, सांवला, कनीपला, दूधला मोरथला और शहर पिपली पहुंची जिसमें सारथी अध्यापकों जितेन्द्र, महावीर आत्रे, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र सिंह, राकेश, रमेश, विजय पंघाल, शारदा रानी, मीनाक्षी, सुनीता शिक्षा रथ सारथी बनकर विभागीय सन्देश लेकर गए और गंतव्य स्थानों पर शिक्षा रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया क सर्वप्रथम शिक्षा रथ यात्रा थानेसर खण्ड के गांव प्रतापगढ़ पहुँची जहाँ के राजकीय विद्यालय की प्रभारी श्रीमती नवदीप कौर व पूर्व सरपंच श्री फूल सिंह ने शिक्षा रथ का स्वागत किया।

## आईएमसीटी के लोगो का किया विमोचन

- जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान जो उत्तर भारत में अपनी अलग पहचान रखता : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को कमेटी रूम में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा प्रकाशित केयू न्यूजलैटर के अप्रैल 2025 संस्करण तथा आईएमसीएमटी के लॉगो का विमोचन किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि आईएमसीएमटी के लॉगो में सा विद्या या विमुक्तये लिखा गया है जिसका अर्थ है विद्या मुक्ति का साधन है, वही वास्तविक शिक्षा है। यह श्लोक विष्णु पुराण से लिया गया है इसका मतलब यह भी है कि जो कर्म बंधन में न बांधे, वही कर्म है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान जो उत्तर भारत में अपनी अलग पहचान रखता है उसके संपादकीय नेतृत्व में केयू न्यूज लेटर नूतन प्रयासों के क्रम में नया कदम है। इस न्यूज लेटर में विश्वविद्यालय के समस्त विभागों, संस्थानों के विद्यार्थियों की रचनात्मकता को उचित स्थान दिया गया है जिससे पूरे विश्वविद्यालय को सहभागिता मिलेगी। 8 पृष्ठों के इस न्यूजलैटर के प्रथम पृष्ठ पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बधाई संदेश, 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन तथा कुवि के संस्कृति संरक्षण की खबरें प्रकाशित की गई हैं।

## बाबा बंदा सिंह बहादुर सेवा सोसायटी ने निर्धन छात्रा की दी स्कूल फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी की संस्था बाबा बंदा सिंह बहादुर सेवा सोसायटी द्वारा एक निर्धन छात्रा की शिक्षा ग्रहण में सहयोग करते हुए उसकी वार्षिक फीस स्कूल में जमा करवाई है। इसके साथ ही छात्रा को सोसायटी के पदाधिकारियों द्वारा किताबें व अन्य जरुरी सामग्री भी मुहैया करवाई गई है। बाबा बंदा सिंह बहादुर सेवा सोसायटी के प्रधान जगजीत सिंह बबर ने अपने वार्ड नंबर एक में रहने वाले निर्धन परिवार को सहयोग करते हुए संस्था की ओर से यह पुनीत कार्य किया है। जगजीत सिंह ने बताया कि उनके वार्ड नंबर एक में रहने वाली तारावंती एक निर्धन परिवार से संबंध रखती है। परिवार की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सोसायटी के पदाधिकारियों से तारावंती की बेटी राधा की स्कूल फीस देने के बारे में बातचीत की। सहमति होने पर उन्होंने सोसायटी की ओर से महंत प्रभातपुरी कन्या विद्यालय की कक्षा 6वीं की छात्रा राधा पुत्री स्व. विजय कुमार निवासी की पूरे साल की फीस 12 हजार रुपये विद्यालय में जमा करवाई।।



## छात्रों को दृढ़ संकल्प के साथ अत्याधुनिक शोध क्षेत्रों को अपनाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- सीनेट हॉल में 'पूर्व छात्र संगोष्ठी' का आयोजन किया

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र के पूर्व-छात्र प्रकोष्ठ द्वारा सीनेट हॉल में 'पूर्व छात्र संगोष्ठी' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनआईटी कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रो. बी.वी. रमना रेड्डी, अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) और प्रोफेसर प्रभारी (पूर्व छात्र प्रकोष्ठ) प्रो. प्रतिभा अग्रवाल, प्रो. दीक्षित गर्ग, अध्यापकगन और छात्र उपस्थित थे। प्रो. प्रतिभा अग्रवाल ने श्री विजेन्द्र चौधरी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और पूर्व छात्र प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित विविध गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में पूर्व छात्र विजेन्द्र चौधरी का एक प्रेरक उद्बोधन भी हुआ। विदित हो की विजेन्द्र चौधरी एनआईटी कुरुक्षेत्र के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के 1995-1999 बैच के पूर्व छात्र हैं। विजेंद्र ने एनआईटी कुरुक्षेत्र में संस्थान मे शिक्षा और ज्ञान साझा करने की परंपरा और करियर विकास पर अपने अनुभव साझा किये। विजेंद्र ने अपने जीवन से सम्बंधित कहानियों से छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि कैसे कोई भी व्यक्ति उच्च मिशन और लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए किसी भी चुनौती और प्रतिकूलता को पार कर सकता है। उन्होंने छात्रों को दृढ़ संकल्प के साथ अत्याधुनिक शोध क्षेत्रों को अपनाने के लिए प्रेरित किया और नवाचार पर जोर दिया।



## इंट्रा मूट कोर्ट में राघव, मंयक व साहिल की टीम ने मारी बाजी

- केयू विधि विभाग के लॉ फेस्ट में प्रतिभागियों ने दिया तार्किक क्षमता व विधिक समझ का परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू विधि विभाग में तीन दिवसीय लॉ फेस्ट के पहले दिन इंट्रा मूट कोर्ट में 14 टीमों के प्रतिभागियों ने तार्किक क्षमता, विधि समझ का परिचय दिया। विधि विभाग की अध्यक्ष प्रो. प्रीति जैन के संरक्षण में आयोजित प्रतियोगिता के प्रारम्भिक चरण के बाद 4 श्रेष्ठ टीमों को सेमीफाइनल के लिए चयनित किया गया जिसमें से 2 टीमें फाइनल राउंड तक पहुंची। इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता की विजेता टीम में राघव, मयंक, साहिल रहे। वहीं आशीष, वैशाली, रितिक गोयल की टीम ने द्वितीय तथा पारस,जतिन ईशा की टीम तृतीय स्थान पर रही। सर्वश्रेष्ठ मूटर साहिल व सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता युक्ति रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रो. दिलीप कुमार, डॉ. दीप्ति, डॉ. प्रियंका चौधरी, डॉ. अंजू बाला, डॉ. आरुषि मित्तल, डॉ. सुधीर एवं डॉ. पूजा शामिल रहे। आयोजन समिति में डॉ. प्रीति भारद्वाज ने समन्वय और संचालन की महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। आगामी दो दिनों में विभिन्न विधिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## श्रीकृष्ण आयुष विवि के दीक्षांत समारोह में 26 विद्यार्थियों को मिलेगा गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने बताया कि श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में 18 अप्रैल को विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हरियाणा के राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय और मुख्य अतिथि आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा 26 स्नातक व स्नातकोत्तर चिकित्सकों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित करेंगे। इस समारोह की एक विशेष और प्रेरणादायक बात ये है कि गोल्ड मेडल पाने वाले 26 चिकित्सकों में से 23 छात्राएं हैं, यानी लगभग 88 फीसदी स्वर्ण पदक विजेता बेटियां होंगी। यह न केवल विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि बेटियों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता का एक शानदार उदाहरण है। बता दें कि बीएएमएस और बीएचएमएस की एक-एक छात्रा को, पीजी कौमारभृत्य बाल रोग विभाग, रचना शरीर विभाग, क्रिया शरीर विभाग, पीजी शल्य विभाग और पंचकर्म विभाग के 3-3 विद्यार्थियों को, पीजी आयुर्वेदिक समता एवं सिद्धांत, पीजी द्रव्यगुण विज्ञान, रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना, रोग निदान एवं विकृति विज्ञान विभाग, पीजी स्वस्थवृत, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, पीजी काय चिकित्सा विभाग, पीजी शालाक्य तथा पीजी अगद तंत्र विभाग के एक-एक विद्यार्थी को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया जाएगा।


कुरुक्षेत्र। जानकारी देते आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान।

**पहल** जन्मजात बीमारियों से जूझ रहे मासूमों की जिंदगी बदल रहा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लवी के दिल का हुआ निःशुल्क ऑपरेशन

▶▶| आंगनवाडी में जांच के दौरान 4.5 साल की मासूम के बताया था दिल में छेद

▶▶| अब तक कुल 318 जन्मजात विकारों के बच्चों के निःशुल्क किए गए ऑपरेशन

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

साढे चार साल की मासूम को पीजीआई चंडीगढ़ के डॉक्टरों ने नया जीवन दिया है। दिल में छेद निकलने से दुखी माता-पिता के चेहरे पर उस वक्त मुस्कान लौट आई, जब उन्हें सर्जरी के बाद बेटी के स्वस्थ होने का पता चला। जिंदगी और मौत से जूझ रही लवी को डॉक्टरों ने नई जिंदगी दी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत उसका मुफ्त ऑपरेशन हुआ। अब तक जिले में 318 जन्मजात विकारों के बच्चों के आपरेशन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हो चुके हैं। यह कार्यक्रम जन्म से लेकर 18 साल तक के बच्चों में जन्मजात दोष, बीमारी, कमी और विकास में देरी की पहचान करता है और फिर उनका निःशुल्क इलाज और प्रबंधन करता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथाना में कार्यरत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा उप सिविल सर्जन डॉ करुणा ढींगरा के मार्गदर्शन में हर वर्ष आंगनवाडी व राजकीय विद्यालयों में बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर जन्मजात विकारों के इलाज के लिए उच्च संस्थानों में भेजा जाता है। टीम द्वारा ग्राम पंचायत खिदरपुरा की 4.5 वर्ष की बच्ची लवी पुत्री नसीब के दिल के छेद का निशुल्क ऑपरेशन पीजीआई चंडीगढ में करवाया गया है, जोकि जन्मजात दिल मे छेद से ग्रसित थी और उसको काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बच्चे के पिता ने बातचीत में बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा चलाये जा रहे इस कार्यक्रम की बदौलत उनकी बच्ची के दिल का निःशुल्क आपरेशन हो पाया है।

उन्हें तो ये भी पता नहीं था कि उनके बच्चे के दिल मे छेद है। एक दिन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम मथाना की टीम उनकी आंगनवाडी में आई तो उन्होंने बच्चे की स्वास्थ्य जांच कर दिल मे छेद होने के बारे मे बताया और नागरिक हस्पताल कुरुक्षेत्र में जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र पर भेजा, जहां से चिकित्सक की सलाह अनुसार उन्हें पीजीआई चंडीगढ भेजा गया। पीजीआई चंडीगढ में उनके बच्चे का बिना पैसों के ऑपरेशन हो गया और अब उनका बच्चा अच्छे से दैनिक जीवन के क्रियाकलाप कर पा रहा है। उन्होंने सरकार का धन्यवाद करते हुए इस कार्यक्रम को चलाने की सराहना की और उम्मीद की कि इस कार्यक्रम से ज्यादा से ज्यादा बच्चों को लाभ मिले।



### 9 टीम कुरुक्षेत्र में काम कर रही

डॉ सुरेश शर्मा ने आम जनमानस से गुजारिश करते हुए कहा कि जब भी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम उनके क्षेत्र की आंगनवाडी में आती है तो वे अपने बच्चों को उस दिन आंगनवाडी में जरूर लाएँ और अपने बच्चों की स्वास्थ्य जांच कराएं। फॉमेर्सी ऑफिसर नितिका एवं एएनएम सपना ने महिलाओं को समय समय पर अपने बच्चों एवं स्वयं की हीमोग्लोबिन की मात्रा की जांच करवाते रहने की सलाह दी। डॉ सुरेश शर्मा ने बताया कि वर्ष 2013 से 9 टीम कुरुक्षेत्र में काम कर रही हैं। जिले में सभी टीम मिलकर सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल में 80 हजार बच्चों की वर्ष में एक बार और आंगनवाड़ी में 65 हजार बच्चों की वर्ष में दो बार स्वास्थ्य जांच करती है।

**खबर संक्षेप**

### 97748.3 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले मे 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 97748.3 मीट्रिक टन गेहूं को खरीदा गया है। इन मंडियों में अब तक 17594 किसान गेहूं लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंडियों में एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 28.8 प्रतिशत के साथ 18014 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया है। तोमर ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए हैं।

### जागरूकता व्याख्यान का आयोजन

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में महाविद्यालय के इको क्लब और कृषि विभाग, के संयुक्त तत्त्वावधान में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें कृषि विभाग से आए अधिकारियों धर्मवीर और मनजीत कौर ने प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य फसल अवशेष के जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के प्रति छात्राओं और स्थानीय समुदाय को जागरूक करना था।

### नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो कैंप लगाया

**अंबाला।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेव नगर (8) अंबाला 1 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो कैंप लगाया गया।इसमें मुख्य अतिथि उपमंडलाधिकारी दर्शन कुमार थे। स्वास्थ्य विभाग से मनोवैज्ञानिक डॉक्टर खुशबू, मुकेश, अश्वनी शर्मा उपस्थित थे। प्रधानाचार्य एवं खंड शिक्षा अधिकारी अंबाला वन सतबीर सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया। उपमंडल अधिकारी दर्शन कुमार ने बच्चों को नशे से दूर रहने, नशा न करने के प्रति जागरुक किया।

### समस्याओं का करें समाधान

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रदेशभर में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। जिले में भी इस दिशा में प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जोकि जिला स्तर पर उपायुक्त कार्यालय में और उपमंडल स्तर पर संबंधित एसडीएम कार्यालयों में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहें हैं।

### आजाद सदस्य सुधीर जायसवाल ने दी थी चुनौती, छह वोट पर ही करना पड़ा संतोष

# नगर परिषद के उपाध्यक्ष बने भाजपा के सदस्य ललता प्रसाद, मंत्री विज ने भी किया मतदान

- 26 सदस्यों ने ललता प्रसाद को दिया समर्थन विज बोले एकजुट होकर सभी सदस्य कैंट के विकास में निभाएं अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला सदर नगर परिषद के सदन की पहली बैठक में भाजपा के सदस्य ललता प्रसाद वोटिंग से उपाध्यक्ष बन गए। कांग्रेस के नपा सदस्य सुधीर जायसवाल ने ललता प्रसाद को चुनौती दी थी। आजाद तौर पर सदस्य बने सुधीर जयसवाल ने सर्वसम्मति से ललता प्रसाद को उपाध्यक्ष बनाए जाने पर ऐतराज जताया था। तभी अधिकारियों ने सदन में वोटिंग का निर्णय लिया। विरोध की वजह से काफी देर तक सदन की मीटिंग भी ठप रही। लगभग एक घंटे उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ की गई। चुनाव अधिकारी की मौजूदगी में सभी 32 वार्ड के सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। 33 मतों की गिनती के अनुसार ललता प्रसाद को विजयी घोषित किया गया। उन्हें कुल 26 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी पार्षद सुधीर जयसवाल को छह वोट मिले। इस दौरान एक वोट को रद्द कर दिया गया।

#### विज के आदेश पर बने उपाध्यक्ष

नपा सदस्य ललता प्रसाद को कुछ समय पहले ही परिवहन एवं बिजली मंत्री अनिल विज ने सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष बनाए जाने के आदेश दिए थे। तब मीटिंग में भाजपा के तमाम निर्वाचित सदस्य मौजूद थे। उस समय सभी सदस्यों ने मंत्री के आदेशों पर सहमति जताई थी। सदन की मीटिंग में भी ऐसा ही हुआ। भाजपा के तमाम सदस्यों ने वोटिंग के दौरान ललता प्रसाद को ही अपना समर्थन दिया जबकि सुधीर जायसवाल को कुछ आजाद सदस्यों ने समर्थन दिया। पूर्ण बहुमत होने की वजह से ललता प्रसाद को जायसवाल चुनौती नहीं दे पाए।

#### विज ने भी की वोटिंग

सदन की मीटिंग के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अपने वोट का इस्तेमाल किया।



अंबाला। नपा की मीटिंग में वोट डालते मंत्री अनिल विज व उपाध्यक्ष ललता प्रसाद को बधाई देते हुए। फोटो : हरिभूमि

**इन कमेटियों के यह चुने गए सदस्य**

फाइनेंस एंड कांट्रेक्ट कमेटी में भाजपा सदस्य संजीव अत्री और निधी गर्ग सदस्य चुने गए। फाइनेंस सब कमेटी में भाजपा सदस्य रमन छतवाल, प्रमोद लक्की, शिवाजी व डॉ. शशि लोंगिया सदस्य चुने गए। पब्लिक वर्क एंड बिल्डिंग सब कमेटी में भाजपा सदस्य श्याम सुंदर अरोड़ा, महेशचंद, मोहित कौशिक और बलजिंद्र पाल सिंह सदस्य चुने गए। सेनिटेशन एंड वॉटर सप्लाई सब कमेटी में भाजपा सदस्य नरेश धवन, रेणू चौहान, रीना और गौरव सैनी को सदस्य बनाया गया।

जीत के बाद उन्होंने नगर परिषद के नव-निर्वाचित उप-प्रधान ललता प्रसाद को फूल-मालाएं पहनाते हुए बधाई दी।

ललता प्रसाद के उपप्रधान बनते ही ही ढोल नगाडों के साथ अन्य सदस्यों ने भी उन्हें बधाई दी। बैठक में मंत्री अनिल विज के पहुंचने पर नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा उनका स्वागत किया गया। उपप्रधान पद के चुनाव के बाद नगर परिषद की विभिन्न कमेटियों का भी चुनाव हुआ जिसमें मंत्री अनिल विज ने अपने मत का प्रयोग किया।

मतदान में भाजपा के सदस्य सभी कमेटियों के सदस्य चुने गए। सभी को मंत्री ने शुभकामनाएं दी।


अंबाला। पति संदीप सचदेवा के साथ पार्क में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनती मेयर शैलजा सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

## 22 दिन बाद भी मेयर को नहीं मिला ऑफिस पार्क में बैठकर सुन रही लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यज ⏭ अंबाला

- डिप्टी मेयर व सीनियर डिप्टी मेयर के साथ निगम अधिकारी एसी ऑफिस में बैठकर कर रहे काम मेयर बोली पार्क ही मेरा ऑफिस

अंबाला शहर नगर निगम की मेयर शैलजा सचदेवा को 20 दिन बाद भी ऑफिस नहीं मिल पाया है। निगम परिसर में उन्हें बाहर पार्क में बैठकर लोगों की समस्याएं सुननी पड़ रही हैं। मजे की बात है कि डिप्टी मेयर व सीनियर डिप्टी मेयर समेत निगम के सभी अधिकारी एसी ऑफिस में बैठकर काम कर रहे हैं। मेयर सैलजा सचदेवा लगातार नगर निगम में आयोजित मीटिंग व कार्यक्रमों में हिस्सा ले रही हैं। उन्हें निगम पार्क में ही बैठकर ही जरुरी फाइलों पर साइन करने पड़ रहे हैं। हालांकि मेयर का खुद का कहना है कि पार्क ही उनका कार्यालय है। यहीं बैठकर वह जनता की सेवा करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालय हो या न हो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। वह अपना कार्य निरंतर कर रही हैं। आगे भी कार्य होगा उसे पूरा किया जाएगा। बता दें कि मेयर सैलजा सचदेवा ने 25 मार्च को पंचकूला में शपथ ग्रहण की थी। उस दौरान निगम प्रशासन ने सीनियर डिप्टी मेयर के कार्यालय में ही मेयर की कुर्सी लगा दी थी। मेयर शपथ ग्रहण समारोह के बाद सीधा नगर निगम कार्यालय में पहुंची थी। निगम में सभी ब्रांच में अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलने के बाद वह अपने कार्यालय पहुंचने के बजाय निगम पार्क में स्वागत कार्यक्रम के बाद चली गई थी। इसके बाद मामला काफी गर्माया था। इसके कुछ दिनों बाद नगर निगम की ओर से सीनियर डिप्टी मेयर का कार्यालय नया बनाया गया था। बताया जा रहा है कि निगम अधिकारियों की ओर से मेयर को अधिकारिक तौर पर कार्यालय में नहीं बिठाया गया है। मेयर कार्यालय में सभी सुविधाओं को भी दुरुस्त नहीं किया गया है।

## शिक्षकों ने ऑनलाइन डायरी का किया कड़ा विरोध, शिक्षा सदन पर जमकर किया प्रदर्शन

- स्कूल शिक्षा निदेशालय ने सभी शिक्षकों द्वारा अध्यापक डायरी प्रति दिन एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन भरने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ और हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने बुधवार को शिक्षा सदन अंबाला पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी को शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री के साथ निदेशक स्कूल माध्यमिक शिक्षा हरियाणा और निदेशक स्कूल मौलिक शिक्षा हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। अध्यापक संघों के पदाधिकारियों का कहना कि ये विभाग का मनमाना निर्णय है और ये निर्णय सभी अध्यापकों को मानसिक तनाव की और ले जाएगा।शिक्षा विभाग को अपनी नीतियों को सरलीकरण ढंग से लागू कारण चाहिए ना कि इनको पेचीदा बनाना चाहिए।

अध्यापकों को ज्यादा से ज्यादा समय पढ़ाई के लिए उपलब्ध करवाना चाहिए न कि ऐसी नीतियां होनी चाहिए कि अध्यापक सारा दिन ऑनलाइन कामों में उलझे रहे। इस ऑनलाइन कामों को मोबाइल पर करने सहित, नेट की समस्या और काफी तकनीकी खामियां हैं। ऐसा लगता है कि शिक्षा निदेशालय हर काम को केवल अपने स्तर पर ही मॉनिटर करना चाहता है जबकि हर स्कूल में प्रधानाचार्य,मुख्यशिक्षक अध्यापकों के काम को मॉनिटर करने के लिए है।

शिक्षा विभाग को इन सब भरोसा रखना चाहिए। साथ ही शिक्षा विभाग को स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं पूरी करने के लिए मॉनिटरिंग करनी चाहिए और इन बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला अंबाला प्रधान सतनाम सिंह और जिला महासचिव मुकेश हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ के जिला अंबाला प्रधान रमेश कुमार और जिला महासचिव पुष्पिंदर धारीवाल, नरेश सैनी, मनदीप सैनी, हरजिंदर सिंह, बलबीर सिंह, करणपाल, नसीम जावेद, गुरविंदर, रामेश्वर दास, धर्मेंद्र, तरविंदर सिंह, ब्रिज मोहन, परवीन कुमार, राकेश कुमार, भूपिंदर सिंह, हरजिंदर सिंह, राम कुमार सहित सैकड़ों अध्यापक मौजूद रहे।


अंबाला। जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## एचएसवीपी के ग्राउंड में गेहूं डालने का विरोध

- सेक्टरवासियों ने जताया आक्रोश
- लोग बोले गेहूं की वजह से धूल मिट्टी से हो रही परेशानी, बच्चे व बुजुर्ग हो रहे बीमार, लोग खुले में करते हैं शौच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सेक्टर-8 में एचएसवीपी की ओर से बनाए कांप्लेक्स के ग्राउंड में खुले में गेहूं गिराने पर सेक्टरवासियों ने विरोध कर दिया। विरोध होने पर मौके पर पुलिस और निगम सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। मामले को लेकर सेक्टरवासियों ने मार्केट कमेटी सचिव से भी मुलाकात की। यहां ग्राउंड में गेहूं न गिराने की मांग की। मौके पर पहुंचे सेक्टर-8 रेसीडेंट्स एसोसिएशन प्रधान विनोद बंसल और अन्य सदस्यों ने बताया कि गेहूं व धान के हर सीजन में मार्केट कमेटी के आढ़तियों की ओर से सेक्टर-8 में फसल गिराई जाती है।

इस वजह से सेक्टरवासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। यहां लोग खुले में शौच करते हैं। इस वजह से महिलाओं को घरों से बाहर निकलने में बहुत दिक्कत आती है। यहां पर लगी स्ट्रीट लाइट भी तोड़ दी जाती हैं। यही नहीं जब गेहूं को साफ करने के लिए झरना लगाते हैं तो उनके घरों में धूल जाती है। इससे बच्चों और बुजुर्गों को दिक्कत आती है और पार्क में सैर करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि कुछ माह पहले वह उपायुक्त से मिले थे।

उपायुक्त ने लिखित में आश्वासन दिया था कि सेक्टर-8 में फसल को नहीं गिराई जाएगी। एसडीएम की ओर से भी फसल को सीधा सैलर में गिराने का आश्वासन दिया गया था। मगर प्रशासन के लिखित आश्वासन के बाद भी यहां आढ़तियों ने गेहूं गिरा दी। इसको लेकर लोगों ने विरोध किया। लोगों ने प्रशासन को यह भी कहा कि अगर यहां फसल गिरानी बंद नहीं की जाती तो प्रशासन उनकी कोठियां खरीद लें। वह कहीं दूसरी जगह चले जाएंगे। मौके पर पहुंचे निगम सदस्य हितेश जैन ने कहा कि यह समस्या काफी समय से आ रही है, जबकि मंडी में जगह है। लोग धूल और गंदगी से परेशान हैं। पहले सेक्टर-8 में एचएसवीपी का ग्राउंड होता था। यहां पर वाणिज्यिक प्लाट एचएसवीपी की ओर से काटे गए। सेक्टर-8 रेजिडेंट्स एसोसिएशन के प्रधान विनोद बंसल ने बताया कि अभी तक इस कांप्लेक्स को एचएसवीपी की ओर से विकसित नहीं किया गया है। न ही लोगों की बात मानी जा रही है। जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। मार्केट कमेटी के सचिव अढ़ाई लाख क्विंटल से ज्यादा गेहूं मंडी में पहुंच चुका है। इस वजह से मंडी पूरी तरह से फुल हो गई है। ग्राउंड में गेहूं गिरा दी गई थी तो सेक्टरवासियों ने इसका विरोध किया था।


अंबाला। बाहर ग्राउंड में डाली गई फसल का दृश्य। फोटो : हरिभूमि



बराड़ा। शपथ लेते हुए कॉलेज स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

## कारोबारी पर फायरिंग करने वाले बदमाशों का नहीं लगा सुराग

- जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के तमाम सीसीटीवी कैमरे खंगालने का किया दावा

**अंबाला।** अंबाला शहर के लक्ष्मी नगर में कारोबारी पर फायरिंग के मामले में पुलिस अभी तक बदमाशों को पकड़ नहीं पाई। आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस लगातार सीसीटीवी कैमरों को खंगालने का दावा कर रही है। दरअसल 11 अप्रैल की देर शाम सेक्टर 9 के लक्ष्मी नगर इलाके में शटरिंग कारोबारी पर दो नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर दी थी। घायल अवस्था में नवनीत को अंबाला शहर के सिविल अस्पताल ले जाया गया था। जहां अगले दिन ऑपरेशन के बाद उसके पैर में फंसी गोली निकाल दी थी। पुलिस अभी तक गोली चलाने वालों की पहचान नहीं कर पाई है। जांच अधिकारी इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह के अनुसार हमलावर बिना नंबर प्लेट की बाइक से गोली चलने पहुंचे थे। साथ ही साथ उन्होंने सफेद गमछे से अपने मुंह को भी ढक रखा था। जिस वजह से अभी तक उनकी पहचान करने में सफलता हाथ नहीं लग रही है। इस मामले में पुलिस ने अब तक 100 से अधिक सीसीटीवी खंगाले जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अब तक लक्ष्मी नगर से लेकर वाटिका तक के सीसीटीवी खंगाले जा चुके हैं। लेकिन आरोपियों की पहचान नहीं हुई।

## बाल विवाह सामाजिक बुराई, बालिकाओं के समग्र विकास पर पड़ता है बुरा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

- महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर बाल विवाह के खिलाफ शपथ समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास में बाधा उत्पन्न करती है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम सबको मिलकर इस कुरीति के विरुद्ध हरसंभव प्रयास करते रहना चाहिए ताकि हर बालिका को अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिल सके।

महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. एकता आनंद ने बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में एक नए प्रयास की जानकारी देते हुए बताया कि शीघ्र ही 'बाल विवाह मुक्त भारत' पोर्टल का अनावरण किया जाएगा। यह पोर्टल बाल विवाह के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, इसकी रोकथाम करने और संबंधित घटनाओं की प्रभावी रिपोर्टिंग के लिए एक समर्पित डिजिटल मंच के रूप में कार्य करेगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. अमरजीत कौर, डॉ. पूजा रानी और डॉ. आशुतोष शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने बाल विवाह उन्मूलन की शपथ ली। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे।

### दो किसानों के खेतों से दो बिजली मोटर चोरी

**जींद।** गांव मोहलखेड़ा में खेतों से बीती रात चोरों ने दो बिजली मोटरों को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मोहलखेड़ा निवाी सत्ता तथा चरण सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उनके खेतों से दो बिजली मोटरों को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीआरएसयू के छात्र वित्तीय हानि से परेशान

**जींद।** सीआरएसयू में एबीवीपी इकाई के अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने विश्वविद्यालय और सभी डिग्री कॉलेज के छात्रों को 2.5 साल से डीएमसी ने मिलने पर वित्तीय हानि से छात्र त्रस्त हैं। क्योंकि साइंस विभाग के विद्यार्थियों को पॉज स्कॉलरशिप मिलती है। इसमें छात्रों को डीएमसी पोर्टल पर सबमिट करनी होती है। जिसके बाद सरकार की तरफ 24 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर मिलते हैं।

### जेवरात के साथ नाबालिग लापता

**जींद।** गांव रजानाखुर्द से सोने व चांदी के जेवरात नगदी समेत नाबालिग के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रजानाखुर्द निवासी एक महिला ने बताया कि गत 13 अप्रैल को उसका 17 वर्षीय बेटा घर से गायब हो गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### जैन समाज ने की हमलावरों के कृत्य की आलोचना

# मध्यप्रदेश में तीन जैन संतों पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन बोले मानवीयता के लिए कठोर तप करने वाले संतों को अराजक तत्वों ने बनाया निशाना, हमलावरों के खिलाफ पुलिस करे गहन जांच

मध्यप्रदेश में तीन जैन संतों पर हुए हमले की प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अराजक तत्व अब संतों को भी निशाना बना रहे हैं। इस मामले में जैन ने मध्यप्रदेश सरकार से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आग्रह किया है ताकि भविष्य में कोई भी अराजक तत्व ऐसे किसी भी समाज के संत के साथ ज्यादती न कर सके। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एडवोकेट रोहित जैन ने बताया कि रविवार को मध्यप्रदेश के नीमच जिले के काछला गांव में कुछ अराजक तत्वों ने जैन समाज के संत शैलेष मुनि, मुनिंद्र मुनि व बलभद्र मुनि पर शराब के नशे में हमला किया था। हमले में तीनों जैन संत बुरी तरह जख्मी हो गए थे।

मुश्किल से तीनों संतों की जान बची। हमलावरों ने संतों के सिर, पीठ व हाथों पर घातक हमला किया। इसी वजह से एक संत की उंगली भी टूट गई। एडवोकेट रोहित जैन ने बताया कि बदमाशों के हमले में जख्मी हुए तीनों संतों का ताल्लुक ज्ञानगच्छ समुदाय से है। इस समुदाय के संत मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करते, माइक पर बोलने से सख्त परहेज करते हैं, किसी के साथ अपनी फोटो नहीं खिंचवाते न ही रात में किसी को अपने शरीर को हाथ लगाने देते हैं। जैन ने बताया कि इसी वजह से तीनों संतों ने जख्मी होने के बावजूद अपना उपचार करवाने से मना कर दिया।

न ही किसी को अपने शरीर को हाथ लगाने दिया। उपचार के लिए भी दो संत जख्मी होने के बावजूद छह किलोमीटर पैदल चले जबकि बुरी तरह जख्मी संत मुनिंद्र मुनि को ठेलागाड़ी पर ले जाया गया। सोमवार सुबह होने पर तीनों संतों का चिकित्सकों ने उपचार किया। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि नशाखोरी की प्रवृति के कारण युवा अपने रास्ते से भटक गए हैं। इसी वजह से शराब के नशे में संतों को निशाना बनाया गया।

उन्होंने कहा कि जैन समाज के संत हमेशा मानवीयता से प्रेम करते हैं। वे मानव का भला करने के लिए अपना सब कुछ त्यागकर कठोर जीवन जीते हैं। इसके बावजूद ऐसे संतों को निशाना बनाया जाना बेहद दुखदायी है। एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि पूरा जैन समाज इस घटना की निंदा करता है। बेशक पुलिस ने सभी हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन उनकी इस हरकत की गहन जांच होनी चाहिए ताकि सच सामने आ सके कि किन हालात में संतों पर हमला किया गया है।


अंबाला। मीडिया से बातचीत करते कांग्रेस नेता एडवोकेट रोहित जैन।